कुशन कवर

इस ट्यूटोरियल में आप एक कुशन कवर बनाना सीखेंगे।

आप अपने कमरे को एक चुटकी में नया मेक ओवर दे सकते हैं। लगता है न आशाजनक?

12 "x 12" कुशन पर फिट बैठने वाला एक कवर बनाने के लिए आपको चाहिए होगा - कपड़े का 13 x 30 इंच का टुकड़ा, बीडेड पिन्स, धागे, एक मार्कर और एक मापन स्केल।

इस ट्यूटोरियल के लिए हमें एक सुंदर फूलों वाला कपडे का टुकड़ा लेना होगा। कपड़े के छोटे हिस्से के किनारे को इस तरह से....डबल फोल्ड करें... और वहाँ पर पिन करें।

हम पहले इन बाजुओं की सिलाई करेंगे। स्टीच पैटर्न सिलेक्टर को सीधे टाँके के A पर घुमाए, स्टीच लेंथ 2.5 चुने, और थ्रेड टेंशन 3.5 रखें।

फोल्ड किए गए किनारे के साथ सावधानी से सिलाई करें, जैसे आप सिलते जाए वैसे पिनों को हटाते जाए।

दूसरे किनारे को भी सिले।

उसके बाद कपड़े को आधे हिस्से में फोल्ड करें जिससे सीधी साइड आमने-सामने रहे। दिखाए अनुसार सेंटरफ़ोल्ड से 6 इंच मार्क करें।

मार्क किए गए बिंदुओं को एक सीधी रेखा से कनेक्ट करें। इसे दूसरी तरफ भी दोहराएं।

दोनों चिह्नित लाइनों के साथ फोल्ड करें... इस तरह से। वहाँ पे थोड़ा ओवरलैप होगा, जिसे कुशन को पूरी तरह से रखने के लिए रखा गया है।

ओवरलैप किए गए कपड़े को वहाँ पिन करें।

अब हम इन दो खुले किनारों से सिलाई करेंगे... अतिरिक्त धागे को काट कर और ट्रिम कर के समाप्त करें।

अभी यह पूरा नहीं हुआ है।

अभी आपने जो सिला है और ट्रिम किया है उसे फिर से मशीन पर ले। ज़िग-ज़ैग स्टिच के लिए स्टीच सिलेक्टर को C में बदलें और स्टीच लेंथ को 1.5 पर सेट करें।

ट्रिम की गई दोनों छोरो के साथ सिलाई करें। यह किनारों को मजबूती और बेहतरीन फिनिशिंग प्रदान करेगा।

अब पिन निकाल ले और कुशन कवर को अंदर से बाहर घुमाए।

है न यह बिलकुल आसान? आपको क्या केवल अपने स्थानीय होलसेल बाजार में जाना होगा और अपने इंटीरियर्स को ध्यान में रखकर अच्छा सा कपडा घर ले आना है। और जब आपके बैग भर जाए तो आप अपने ड्राइंग रूम पर फिर से विचार कर के शुरू हो जाना है। उषा जेनोम AZ मशीन घर ले आए और अपने स्थान में बदलाव लाए।